Title: Need for inclusion of Kalar, Kalwar and Kalal castes in the list of backward castes in Gujarat and Andhra Pradesh.

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : भारत के आठ प्रदेशों में कलार, कलवार एवम् कलाल जाति को पिछड़े वर्ग की मान्यता मिली हुई है और उन्हें विकास करने के लिए पिछड़े वर्ग की सुविधा भी मिल रही है। पिछड़े वर्ग की सुविधा के कारण उन्हें अपने विकास करने के अवसर मिले हैं। परंतु आन्ध्र प्रदेश और गुजरात में इन जातियों को पिछड़े वर्ग की मान्यता अभी तक नहीं मिली है। जबकि गुजरात और आन्ध्र प्रदेश में यह जातियां शैक्षणिक, सामाजिक एवम् आर्थिक दृटि से काफी कमजोर हैं और उन्हें अपने विकास करने के लिए सरकार से विशो सुविधा मिलना आवश्यक है। इन सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए इन्हें पिछड़े वर्ग की मान्यता भी गुजरात और आन्ध्र प्रदेस में मिलना अति आवश्यक है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि गुजरात और आन्ध्र प्रदेश में कलार, कलवार एवम् कलाल जातियों को पिछड़े वर्ग की मान्यता दिलाने हेतु कार्यवाही करे, जिससे इन प्रदेशों में रह रही इन जातियों को विकास के अवसर मिल सकें।